Skill Development Programme
For Answer Writing
ECONOMICS
21 AUGUST @ 9:00 AM

प्रश्न- **चकबंदी (Consolidation) से होने वाले लाभों की चर्चा करते हुए बतायें कि सहकारी खेती (Cooperative Farming) ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय को बढ़ाने में किस प्रकार सहायक हो सकती है। तर्क सहित उत्तर दें।** (200 शब्द)

मॉडल उत्तर

दृष्टिकोण:

- भूमिका में चकबंदी को परिभाषित करते हुए इससे होने वाले लाभों की चर्चा करें।
- सहकारी खेती को परिभाषित करते हुए बतायें कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय को बढ़ाने में किस प्रकार सहायक होगा।
- अंत में संतुलित निष्कर्ष दें।

चकबंदी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा छोटी जोत वाले खेतों के स्वामित्व में परिवर्तन करके एक बड़े खेत के रूप में परिणत कर दिया जाता है। भारत के चकबंदी के संदर्भ में कुछ राज्यों को ही सफलता मिली है, जैसे-उत्तर प्रदेश, हरियाणा।

चकबंदी से होने वाले लाभ-

- छोटे एवं बिखरे खेतों का एकीकरण करके उनका आकार बढ़ा दिया जाता है।
- छोटे खेतों का बड़ा रूप हो जाने पर कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है और कृषि लागत भी कम हो जाती है।
- छोटे खेतों में तकनीकी का प्रयोग नहीं हो पाता। आकार बढ़ जाने पर अत्याधुनिक तकनीकी आसान हो जाती है।
- सहकारी कृषि के अंतर्गत स्वामित्व में बदलाव किये बिना छोटे खेतों को आपस में मिलाकर संबंधित किसानों द्वारा सामूहिक रूप से कृषि कार्य किया जाता है।

सहकारी कृषि से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ाने में सहायक-

- छोटे खेतों की समस्या का समाधान होने से कृषि उपज बढ़ जाती है। उपज बढ़ने से इनकी अर्थव्यवस्था में विस्तार होता है।
- महंगी तकनीकी का भी प्रयोग करना आसान होता है, क्योंकि किसी व्यक्ति विशेष पर इसका पूरा भार नहीं पड़ता।
- सरकार द्वारा व्यक्तिगत ऋण को न देकर सामूहिक ऋण दिया जा रहा है जिससे कृषि के क्षेत्र में किसानों द्वारा उत्पादन बढ़ेगा, जिससे इनकी आय भी बढ़ेगी।
- सहकारी कृषि में कई किसान एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, जिससे कृषि की लागत अपेक्षाकृत कम होती है और निर्गत ज्यादा मिल सकता है।